लांच हो सकती है नयी गाड़ी

कोलकाता : हिंदुस्तान मोटर्स के हुगली के उत्तरपाड़ा स्थित प्लांट से रोड शो लांच किया गया. इससे कंपनी की नयी वाणिज्यिक गाड़ी के लांच होने के आसार बढ़ गये हैं. रोड शो में हिंदुस्तान मोटर्स के मौजूदा व आनेवाले उत्पादों के संबंध में उपभोक्ताओं को जानकारी दी गयी. शो के दौरान पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, असम व बिहार में अगले 15 दिनों के अंदर एंबेसडर के विभिन्न मॉडल व कमर्शियल डीजल गाड़ी एचएम विनर को दिखाया जायेगा. ऐसा रोड शो कंपनी तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य व उत्तर भारत में भी करना चाहती है. कंपनी से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रबंध निदेशक मनोज झा के हवाले से बताया गया है कि हिंदुस्तान मोटर्स द्वारा उसके एंबेसडर व विनर जैसे वाहनों को स्थायित्व व विस्तार देने की योजना के तहत रणनीति बनायी गयी है. ऑटो कंपोनेंट्स पर कंपनी और ध्यान देगी.

हिंदुस्तान मोटर्स